## कर्ज के बोझ तले दबी युवती ने लगायी फांसी

**दारु/हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** दारू थाना क्षेत्र के जिनगा में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां 28 वर्षीय खुशबू कुमारी (पति सुजीत कुमार) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि युवती पर करीब 80-90 लाख रुपये का कर्ज था, यह कर्ज लगातार इसलिए बढ़ता चला गया क्योंकि एक कर्ज को चुकाने के लिए दूसरा कर्ज लगातार लेती रही जिससे वह मानसिक तनाव में थी। मृतका खुशबू कुमारी के दो छोटे बच्चे हैं, एक लड़का जिसकी उम्र 5 वर्ष और एक लड़की तीन वर्ष की है जिनकी आंखों से मां का साया हमेशा के लिए उठ गया। इस दर्दनाक घटना से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही दारू थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव को जिनगा लाया गया, जहां जिनगा श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। दुखद दृश्य तब देखने को मिला जब पति सुजीत कुमार ने पत्नी को मुखाग्नि दी। इस हृदयविदारक घटना से पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है। लोग इस बात को लेकर सदमे में हैं कि आखिर इतनी बड़ी रकम का कर्ज किस वजह से लिया गया था? क्या खुशबू कुमारी पर किसी ने दबाव डाला था या यह सिर्फ आर्थिक तंगी का नतीजा था? थाना प्रभारी शफीक खान ने बताया कि जब दारु पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो फंदे में लटका पाया गया वहां से खुशबू के शव को हजारीबाग सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। जब उसके पति से घटना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि हमारे ऊपर काफी कर्ज हो चुका था सच क्या है इसे लेकर पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है।

## धूमधाम से हुई मां शीतला की पूजा



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** शहर के अड्डी बंगला रोड और देवी मंडप रोड स्थित शीतला मंदिर में रोग विनाश की माता शीतला की पूजा-अर्चना और भोग चढ़ाने के लिए सैकडों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने शीतला मां को शीतल प्रसाद का भोग लगाया और पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी। अन्य देवी-देवताओं की पूजा विधान से अलग हटकर शीतल मीठा चावल, बाजरे की रोटी, दाल की पुड़ी, दही की राबड़ी और दही के व्यंजन और जल शीतला माता की मूर्ति को अर्पित किया। पूजा-अर्चना के पश्चात व्रतियों ने ठंढा भोजन ग्रहण किया। व्रतियों के यहां बुधवार को दिनभर चूल्हे नहीं जले। बताया जाता है कि शीतला मां की पूजा का संबंध अध्यात्म के साथ-साथ चिकित्सा विज्ञान से है। चैत्र माह में ऋतु परिवर्तन के समय कई तरह के संक्रामक रोगों का प्रकोप होता है। पूजा के माध्यम से शीतल भोजन कर शरीर की गर्मी शांत करने का विधान बनाया गया है। मंदिर के पुजारी रवि दाहिमा ने बताया कि बुधवार सुबह से ही सैकड़ों श्रद्धालु भक्त पूजा-अर्चना में शामिल हुए। वहीं कई श्रद्धालु भक्त शुक्रवार को भी शीतला अष्टमी की पूजा-अर्चना करेंगे। इसको लेकर गुरूवार को खाना बनाया जायेगा जिसे शुक्रवार की सुबह से शाम तक ग्रहण करेंगे।

## एनटीपीसी खुलने के बाद सात वर्षों में दिखने लगा क्षेत्र का विकास



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** 7 वर्षों में ही बड़कागांव में एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोल माइंस खुलने से क्षेत्र में विकास दिखने लगा है। बड़कागांव में व्यावसायिक रूप से मजबूती से आगे बढ़ रहा है। बड़कागांव-हजारीबाग रोड में बड़ी-बड़ी इमारतें के साथ दो-चार वर्षो में कई नये और पुराने बैंकों की कतार लग गयी है। बड़कागांव हजारीबाग रोड में बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक, स्टेट बैंक, झारखंड ग्रामीण बैंक, एक्सिस बैंक, बड़ौदा बैंक, एचडीएफसी बैंक, आइडीबीआइ बैंक, आइसीआइसी बैंक संचालित है और अन्य कई बैंक बड़कागांव में अपना पांव प्रसारने के प्रयास में लगे हुए हैं। वहीं कई सरकारी बैंक आरबीआइ के नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। कई बैंक प्रथम तले पर संचालित है, जिसके कारण वृद्ध महिला पुरुष दिव्यांगों पेंशनधारियों को पेंशन प्राप्त करने के लिए ऊंची ऊंची सीढ़ीओ का सामना करना पड़ रहा है। वहीं विकास की कड़ी में देखे तो बड़कागांव हजारीबाग रोड में रिलायंस ट्रेंड, न्यू आई दृष्टि हॉस्पिटल, प्रेम टीवीएस, हीरो शोरूम, होंडा शोरूम, बजाज बाइक शोरूम, लिबास शॉपिंग मॉल के अलावा प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान संचालित हैं। बड़कागांव में एस 2 मार्ट, गायत्री वस्त्रालय, राजधानी वस्त्रालय ने व्यवसायिक क्षेत्र में अपने विशिष्ट पहचान बनायी। एनटीपीसी के आने के लोगों का जीवन स्तर रहन-सहन ऊंचा हुआ है। गांव में बड़े-बड़े इमारतें सड़के देखी जा रही है। फिलहाल सरकार के द्वारा आवंटित बड़कागांव प्रखंड में 7 से 8 कोल माइंस कंपनी भी खुलवाने का प्रयास किया जा रहा है। वही सूत्र बताते हैं कि विस्थापित लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। वहीं आरएनआर कॉलोनी में जो विस्थापित परिवार रहने आए हैं उनको भी बिजली, पानी, अस्पताल और बच्चों के लिए शिक्षा की व्यवस्था नहीं की गयी है। जिसको लेकर स्थानीय विधायक रोशन लाल चौधरी चल रहे विधानसभा सत्र में विस्थापित प्रभावित लोगों की समस्याओं के बात को भी प्रमुखता के साथ रखा है।

## एनएच 522 पर चलती कार पर गिरा पेड़



**दारु/हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** गुरुवार की सुबह करीब पांच बजे अचानक तेज हवा और बारिश शुरू हो गया। तेज हवा चलने से एनएच 522 बगोदर हजारीबाग पथ पर दारू थाना क्षेत्र अंतर्गत जबरा के पास चलती कार में पेड़ गिर गया। इस घटना में कार बैठे लोग बाल बाल बचे परंतु कार क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के संदर्भ में लोगों ने बताया कि स्विफ्ट डिजायर कार संख्या जेएच 01 एफएन 4124 गिरिडीह जिला के बिरनी थानाक्षेत्र से रांची जा रहे थे। जैसे ही कार जबरा पहुंची की करंज का पेड़ अचानक कार पर गिर पड़ा। कार में बैठे लोग बाल बाल बच गये फिर भी कार में यात्रा कर रहे लोगों को हल्की फुल्की छोट आई है। जिसे स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया। एनएच 522 के दोनों किनारों पर कई पेड़ सूखा पड़ा हुआ है। इसकी जानकारी विभाग को भी होने के बावजूद भी कान में जूं तक नही रेंग रहा है। इन सूखे पेड़ो की टहनियां आए दिन गिर जाया करती है। इससे होने वाली हादसा का खामियाद कभी राहगीरों को तो कभी स्थानीय लोगों को भुगतना पड़ता है। स्थानीय जन प्रतिनिधि और ग्रामीणों के द्वारा एनएच 522 के किनारे सूखे पेड़ को कटवाने के लिए वन विभाग को कई बार आवेदन दिया जा चुका है।

## वज्रपात की चपेट में आकर महिला घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** गुरुवार की सुबह डोमचांच प्रखंड अंतर्गत मसमोहना मे वज्रपात की चपेट में आकर एक महिला घायल हो गयी। घायल महिला की पहचान बुची देवी उम्र 60 पति चांदो सिंह के रूप में हुई है। जानकारी के घायल महिला रोज की तरह सुबह उठकर गुरुवार अहले सुबह घर के बाहर झाडू लगा रही थी इसी दौरान वज्रपात की चपेट में आ गयी और झुलस गयी। जिसके बाद परिजनों की मदद से घायल महिला को सदर अस्पताल कोडरमा ले जाया गया जहां इलाज चल रहा है।

### बड़ा बाजार थाना के निर्माण स्थल पर विवाद

# मसीही समाज का चर्च की जमीन होने का दावा

**विगत दीन पूर्व जिला प्रशासन ने हटाया था अतिक्रमण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग में इन दिनों एक सरकारी जमीन को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। जिस जमीन पर बड़ा बाजार थाना का भवन बनना था, उस जमीन पर मसीही समाज ने अपना दावा कर डाला है। यही नहीं उस स्थल पर प्रार्थना सभा और कुरूस भी लगा दिया गया था। सूचना मिलने के बाद प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण किया हुआ जमीन को मुक्त कर दिया। अब इस पर सियासत हावी हो रहा है। झारखंड के पूर्व मंत्री बंधु तिर्की और हजारीबाग के सदर के पूर्व विधायक सौरभ नारायण सिंह उस विवादित जमीन पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रशासन से चूक हुई है जिस जमीन पर थाना बनाने की बात कही जा रही है वहां प्रार्थना सभा ही रहेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी धार्मिक स्थल के साथ इस तरह छेड़छाड़ नहीं होना चाहिए। थाना बनाने के लिए कई अन्य स्थान है जहां भवन बने। जिस जगह में प्रार्थना सभा लगाया जा रहा है वहां थाना बनाना यह सरासर गलत है। इस बाबत बंधु तिर्की और सौरभ नारायण सिंह ने सदर सीओ मयंक भूषण और सदर एसडीपीओ अमित आनंद समेत अन्य वरीय पदाधिकारी से भी बात की। कहा कि अब झारखंड सरकार को भी इससे अवगत कराया जायेगा।

दरअसल गैर मजरुआ खास प्रकृति की सरकारी जमीन पर नया बस स्टैंड के समीप बड़ा बाजार थाना निर्माण होना है। बुधवार को काटों का तार लगाने पहुंचा बड़ा बाजार पुलिस को सीएनआइ चर्च के लोगों ने विरोध किया और कांटों का बाड़ लगाने से रोक दिया। पुरा मामला बड़ा बाजार ओपी के लिए सरकार द्वारा चिहिंत जमीन से जुड़ा है, जिसे लेकर अपने कब्जे की जमीन पर सीएनआई चर्च द्वारा होली के दौरान रातों रात शेड और धार्मिक चिंह लगाकर कब्जा को पुख्ता प्रमाणित करने का प्रयास किया गया था। इसके बाद जिला प्रशासन ने अवैध निर्माण को गिरा दिया था। अवैध निर्माण गिराये जाने के बाद यह मामला विवादों में आ गया और सीएनआइ चर्च उपरोक्त सरकारी जमीन को चर्च के होने की बात कहीं जा रही है। जानकारी के अनुसार सदर अंचल द्वारा सरकारी रिकार्ड में दर्ज विवरणी के आधार पर यह जमीन एक वर्ष पूर्व बड़ा बाजार ओपी के लिए आवंटित की थी। बुधवार को इसी जमीन पर पुलिस कटीला तार से जमीन को अतिक्रमण मुक्त घेरा बंदी करना चाहती थी। तार लगाने की खबर चर्च द्वारा अपने लोगों में सूचना प्रसारित कर दी और देखते ही देखते सैकड़ों लोग पहुंच कर कार्य का विरोध करने लगें।

सदर सीओ मयंक भूषण ने बताया यह पूर्ण रुप से विभाग की जमीन है, गैर मजरुआ खास प्रकृति की है। चर्च का इस जमीन से कोई संबंध नही है। चर्च का जमीन अलग है। जांच और दस्तावेज के आधार पर सरकार ने यह जमीन थाना के लिए उपलब्ध कराया है। फिर भी इस मामले को देखा जा रहा है। वरीय पदाधिकारी को इसकी जानकारी भी दे दी गयी है।

### जेआरजीबी का एकदिवसीय रिफ्रेशर ट्रेनिंग का आयोजन

# डिजिटल बैंकिंग और साइबर फ्रॉड से बचाव की दी जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के सभी सीएसपी संचालकों के साथ एकदिवसीय रिफ्रेशर ट्रेनिंग का प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थानीय पैराडाइज रिसोर्ट में किया गया। जिसमें चार जिला के मुख्य जेआरजीबी सीएसपी संचालकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन हजारीबाग के उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, एलडीएम राकेश आजाद, डीपीएम दिव्य दीप सिंह, श्रुति प्रिया, धीरेंद्र कुमार सिंह, प्रिया कुमारी, देवेंद्र कुमार, शशि शेखर कुमार, निवेश कुमार उपाध्याय ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा सुदूरवर्ती क्षेत्रों में कार्यरत ग्राहकों को डिजिटल बैंकिंग सेवाओं और साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बैंक कर्मियों ने ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों को बैंकिंग सेवाओं में हुए तकनीकी बदलावों और मोबाइल के माध्यम से खाता खोलने की प्रक्रिया से परिचित कराया। बैंक अधिकारियों ने बताया कि आजकल अधिकांश बैंकिंग सेवाएं डिजिटल रूप से उपलब्ध हैं और ग्राहक अपने स्मार्टफोन के जरिये खाता खोल सकते हैं। इस प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए बैंक ने मोबाइल एप्लिकेशन विकसित की है, जिससे ग्राहक घर बैठे अपने मोबाइल से खाता खोल सकते हैं। साथ ही, इस डिजिटल प्लेटफार्म के जरिये ग्राहकों को लेन-देन करने, अपने खातों का शेष देखनें और अन्य बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठाने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम के दौरान, बैंक कर्मियों ने ग्रामीण ग्राहकों को यह भी बताया कि अगर कभी उन्हें संदेह हो तो वे बैंक के कस्टमर केयर नंबर पर संपर्क कर सकते हैं और किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी से बचने के लिए तुरंत कार्रवाई कर सकते हैं।

## अखिल भारतीय धोबी महासंघ की बैठक

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय धोबी महासंघ जिला इकाई कोडरमा की बैठक साहू धर्मशाला झुमरीतिलैया में जिला अध्यक्ष मनिंदर राम की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में जिला सचिव प्रकाश रजक ने विगत कार्यक्रमों का कार्य रिपोर्ट पेश किया जो सबो ने पास किया। बैठक में 30 मार्च 2025 को अखिल भारतीय धोबी महासंघ जिला इकाई कोडरमा का जिला सम्मेलन झुमरीतिलैया ब्लॉक मैदान में 11 बजे से करने का निर्णय हुआ। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सभी प्रखंडों में और पंचायत स्तरीय बैठक की जायेगी। सम्मेलन के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय धोबी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार सरकार के पूर्व मंत्री श्याम रजक उद्घाटनकर्ता कांके विधानसभा के विधायक सुरेश बैठा, मुख्य वक्ता चंदनक्यारी के विधायक उमाकांत रजक, विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय धोबी महासंघ के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बाल गोविंद राम, विशिष्ट अतिथि नगर आयुक्त योगेंद्र प्रसाद भाग लेंगे। बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष खगेंद्र राम, पूर्व जिला सचिव मिथिलेश रजक, जिला कोषाध्यक्ष प्रदीप राम, मनोज रजक, प्रखंड अध्यक्ष विनोद राम, पवन रजक, अमर रजक, दिपक कुमार, कैलाश रजक, महेश रजक, सिकंदर कुमार, दुर्गा प्रसाद राम, धीरज कुमार रजक मौजूद थे।

## ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** गुरुवार की दोपहर जिले के चंदवारा थाना क्षेत्र के मदनगुंडी पेट्रोल पंप के समीप रेलवे लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति बुरी तरह से जख्मी हो गया। घायल की पहचान चंदवारा निवासी मेघलाल रजक (उम्र 40 वर्ष, पिता भुवनेश्वर रजक) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मेघलाल रजक अपने घर से खेत पर काम करने जा रहे थे। इस दौरान रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान यह हादसा हो गया। जिसके बाद स्थानीय लोगों की सहायता से एंबुलेंस के जरिये उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

# मंईयां सम्मान की राशि के लिए कार्यालय का चक्कर काट रहीं हैं महिलाएं: डॉ नीरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** मंईयां सम्मान योजना की राशि नहीं मिलने से राज्य की लाखों महिलाएं परेशान हैं। योजना के तहत तीन किस्तों की एकमुश्त 7500 रुपये की राशि कई महिलाओं को अब तक नहीं मिली है। इस कारण वे रोजाना प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रही हैं। कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने गुरुवार को विधानसभा में इस मामले को रखते हुए राज्य सरकार से त्वरित कार्यवायी की मांग की ताकि महिलाओं को इस सम्मान राशि के लिए भटकना नहीं पड़े और कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाना पड़े। उन्होंने कहा कि सरकार इस योजना के लाभुकों के संबंध में मापदंड की जानकारी सार्वजनिक करे। यदि योजना को लेकर लाभुकों के पात्रता चयन में कोई त्रुटि है तो सुधार करे और शिविर लगाकर मामले का निष्पादन करे ताकि महिलाओं को बेवजह चक्कर नहीं काटना पड़े। एक अन्य मामले में विधायक डॉ नीरा यादव ने आरोप लगाया कि राज्य में बिना शिलान्यास के ही कई योजनायें शुरू हो जा रही हैं। इस तरह की योजनाओं के जरिये मार्च लूट की पूरी तैयारी है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में सिर्फ एक योजना के लिए बाकी विकास योजनाओं को ठप कर दिया गया है। शिक्षा कर्मियों तक को 4 महीने से वेतन नहीं मिल रहा है। होली जैसे पर्व में भी शिक्षा कर्मी वेतन से वंचित रहे। वहीं राज्य की हेमंत सरकार सिर्फ वोट बैंक की राजनीति करने में लगी है। इस तरह की राजनीति से राज्य के लोग परेशान हो रहे हैं।

# विस्थापितों की आवासीय संरचना के मूल्यांकन के लिए विशेष टीम का गठन हो : रौशन लाल चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता




**बड़कागांव।** बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने बड़कागांव और केरेडारी के विस्थापित परिवारों के ज्वलंत मुद्दा को सदन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि एनटीपीसी लिमिटेड कॉल माइंस पकरी बरवाडीह, केरेडारी, चट्टी बरियातू से विस्थापित परिवारों के आवासीय संरचना के निष्पक्ष मूल्यांकन हेतु विशेष टीम का गठन किया जाये। क्यूंकि एनटीपीसी लिमिटेड के कॉल माइंस परियोजनाओं के कारण विस्थापित हो रहे परिवारों को उनके आवासीय संरचना के लिए अपर्याप्त मुआवजा प्रदान किया जा रहा है। वर्तमान में भवन निर्माण प्रमंडल हजारीबाग द्वारा किये जा रहे मूल्यांकन में एनटीपीसी द्वारा उपलब्ध करासे गये मापी को ही आधार बनाया जा रहा है, जिससे विस्थापित परिवारों को वास्तविक मूल्य से बहुत कम मुआवजा मिल रहा है। इस प्रक्रिया में एनटीपीसी के अधिकारियों द्वारा मनमाने तरीके से मूल्यांकन किए जाने की शिकायतें भी सामने आई हैं। विस्थापित परिवारों को न्यायसंगत मुआवजा सुनिश्चित करने हेतु, भवन निर्माण प्रमंडल हजारीबाग के तहत एक विशेष स्वतंत्र टीम का गठन किया जाये जो निष्पक्षता के साथ आवासीय संरचना का पुनर्मूल्यांकन कर उचित मुआवजा तय करे। आगे उन्होंने कहा कि हम सदन से मांग करते हैं कि भवन निर्माण प्रमंडल हजारीबाग के अंतर्गत एक स्वतंत्र विशेष टीम का गठन किया जाये। एनटीपीसी द्वारा किये गये मूल्यांकन के बजाय निष्पक्ष सर्वेक्षण और मूल्यांकन के आधार पर मुआवजा तय किया जाये। विस्थापितों को उनकी संपत्तियों के यथोचित बाजार मूल्य के अनुसार मुआवजा प्रदान किया जाये। विस्थापितों के हितों की रक्षा हेतु संबंधित विभागों की निगरानी और सार्वजनिक सुनवाई सुनिश्चित की जाये। साथ ही हम सदन से अनुरोध करते है कि विस्थापितों के अधिकारों की रक्षा करते हुए उचित मुआवजा दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाये जायें।

## चरही में 42 सरकारी स्कूलों के एचएम को दिया टैब



**चरही (आजाद सिपाही)।** चूरचू प्रखंड के चरही बीआरसी कार्यालय के सभागार में बृहस्पतिवार को शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी स्कूलों के प्रधानाचार्यों के बीच 42 टैब का वितरण किया गया। 30 से अधिक छात्रों वाले स्कूलों को ऑनलाइन कार्य के लिए टैब इएएड नागेश्वर सिंह के द्वारा टैब वितरण किया गया। इस मौके पर मनोज हंसदा, ज्योति कुमार दास, भावेश कुमार, तारीख इकबाल, बिनोद पासवान, अजग्लिश सोरेन, बाबूलाल हेंब्रम, मोइज, सुमित्रा कुमारी, संजीव कुमार, बीपीएम गौतम कुमार शर्मा, असलम आजाद, सीआरपी संतोष, रणवीर कुमार, दशरथ प्रसाद, गणेश राम, दिनेश कुमार महतो सहित चरही बीआरसी के 42 सरकारी स्कूलों के एचएम को टैब सौंपे गये। बीपीओ ने बताया कि 30 से अधिक छात्र संख्या वाले स्कूलों को सरकार की ओर से ऑनलाइन कार्य के लिए यह टैब प्रदान किये गया। इसके माध्यम से शिक्षक बायोमेट्रिक हाजिरी बनायेंगे और स्कूल से संबंधित अन्य रिपोर्ट भी तैयार कर सकेंगे। कार्यक्रम में बीआरपी सीआरपी और सरकारी स्कूलों के प्रधानाचार्य उपस्थित थे।

## पीडीएस दुकानदारों की कार्यशाला का आयोजन



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में क्षेत्र के सभी पीडीएस दुकानदारों का एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को किया गया। इस कार्यक्रम में प्रखंड के सभी सोलह पंचायतों के पीडीएस दूकानदार मौजूद थे कार्यशाला में बतौर ट्रेनर पहुंचे छत्रधारी जी ने इपीओएस मशीन से संबंधित विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। साथ ही प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रवि राजा के द्वारा सप्लाई चैन मैनेजमेंट की जानकारी दी गयी और आधार आधारित कार्यों को करने संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। आगामी ई केवाईसी सप्ताह में सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के शत प्रतिशत कार्डधारियों का ई केवाईसी करने का निर्देश दिया गया और जिनका नाम ई केवाईसी नहीं हो पा रहा है उनका नाम कारण सहित सूचि उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिया गया। विदित हो की ई केवाईसी नहीं करने पर कार्डधारी का नाम राशन कार्ड से कट जायेगा। वहीं बीडीओ विवेक कुमार द्वारा सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को निर्देश दिया गया की लाभुकों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो और वितरण में यदि डीलरों को भी कोई समस्या आती है तो अपनी बात कार्यालय में आकर रखें जिसे जिला कार्यालय को अग्रसारित किया जायेगा। वहीं प्रमुख सुनीता देवी द्वारा भी समय राशन वितरण पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में केरेडारी जन वितरण प्रणाली दुकानदार कुंवर साव, अजय गुप्ता, अशोक गुप्ता, संघ के सचिव विनोद नायक, विनोद राम, संघ के अध्यक्ष रामकृष्ण दुबे, मोहम्मद शमीम, कोषाध्यक्ष अकबर अली, यशोदा देवी, उर्मिला देवी, रामदेव गोप, प्रमोद सिंह, बोधि महतो, बाबूलाल रजक, रामचंद्र साव सहित कई लोग मौजूद थे।

## रामनवमी पूजा और झांकी निकालने को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक



**इचाक (आजाद सिपाही)।** डुमरौन मंडप प्रांगण में रामनवमी पूजा और झांकी निकालने को लेकर मुखिया चोहन महतो के अध्यक्षता में ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से रामनवमी पूजा, मंगला जुलूस और झांकी निकालने को लेकर कमेटी का गठन किया गया। मुखिया चोहन महतो को अध्यक्ष बनाया गया, जबकि उपाध्यक्ष अनिल कुमार मेहता, सचिव ओमप्रकाश मेहता, उपसचिव अरुण कुमार मेहता, कोषाध्यक्ष मनोज प्रसाद मेहता, उप कोषाध्यक्ष अनिल रविदास, महामंत्री उप मुखिया मनोज मेहता को बनाया गया।

## सिमराढाब प्राथमिक विद्यालय को दिया कंप्यूटर



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के सिमराढाव प्राथमिक विद्यालय में सीएसआर मद से भारतीय स्टेट बैंक की और से कंप्यूटर समेत अन्य समाग्री प्रमुख संतोष मंडल, बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज, क्षेत्रीय प्रबंधक आरके तिवारी, उपप्रबंधक राजीव रंजन, शाखा प्रबंधक विवेक कुमार, उपप्रमुख रवि वर्णवाल के हाथों विद्यालय में कंप्यूटर सहित अन्य सामग्री दिया गया। वितरण कार्यक्रम के पश्चात विद्यालय के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी अतिथियों का स्वागत विद्यालय परिवार की ओर से बुके देकर सम्मानित किया गया। प्रमुख संतोष मंडल ने कहा कि बैंक का यह सराहनीय पहल है। ऐसे विद्यालय को चुने इसके लिए एसबीआइ शाखा प्रबंधक विवेक कुमार धन्यवाद के पात्र है आदिवासी बहुल क्षेत्र में यह सामाग्री मिलना जरुरी था यहां के बच्चे भी अब आधुनिक शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। बीडीओ ने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले इसके लिए बैंक का सराहनीय कार्य है। क्षेत्रीय प्रबंधक ने कहा कि हम सभी का नजर वैसे जगह रहता है जहां के बच्चे जागरूक हो। वैसे में इस विद्यालय का चयन किया गया है। विद्यालय के बच्चों को जागरूक और उन्नति के लिए सीएस आर मद से 1,38,800 का सामाग्री दिया गया। वहीं अंत में तिथि भोजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दयाल प्रसाद, नवीन कुमार, मोहन प्रसाद, सुनील पांडेय, राजकुमार राम, मनीषा कुमारी, सुरेश मुर्मु, छोटन शर्मा, राजु श्रीवास्ताव, पिंकी देवी, शांति देवी समेत अन्य उपस्थित था ।

## कंस्ट्रक्शन कंपनी में चोरी करते हुए दो गिरफ्तार

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** चोरी की घटना के रोकथाम और संलिप्त अपराधकर्मी के विरूद्ध त्वरित कार्रवाई करने हेतु पुलिस अधीक्षक के द्वारा सभी थाना प्रभारी को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्र में आम जनता से समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक कार्रवाई करें। उसी कडी में 18 मार्च को जयनगर थानान्तर्गत परसाबाद स्थित एसटी कंस्ट्रक्शन में अज्ञात चोरो के द्वारा रात्रि में लोहा के सामान को चोरी करने का प्रयास किया जा रहा था, जिसे स्थानीय ग्रामीणों और गार्ड के द्वारा उक्त दोनो चोरों को पकड़ कर जयनगर थाना को सूचित किया गया। प्राप्त सूचना के आलोक में थाना क्षेत्र में गस्ती के क्रम में भ्रमणशील थाना प्रभारी जयनगर दल-बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर कांड में शामिल दोनों अपराधियों को गिरफ्तार किया। इस संबंध में जयनगर थाना कांड संख्या 62/25 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। घटना में गिरफ्तार युवकों में कृष्णा कुमार, उम्र 25 वर्ष, पिता स्व पोखन साव, ग्राम जामु, थाना मरकच्चो व पप्पु कुमार, उम्र 22 वर्ष, पिता स्व भुनेश्वर साव, जामु, थाना मरकच्चो, के नाम है जिसके पास से पुलिस ने बिना नंबर का काले रंग का टेम्पु बरामद किया। मौके पर पुअनि बबलू कुमार, जयनगर थाना, सअनि अरविंद हांसदा, जयनगर थाना और सशस्त्र बल जयनगर के लोग मौजूद थे।

## दुकान के बाहर खड़ी पिकअप चोरी

**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू थाना क्षेत्र के कुडू लोहरदगा मुख्य पथ एनएच 143 ए कुडू कब्रिस्तान के समीप स्थित एक किराना दुकान के बगल में खड़ा एक पिकअप गाड़ी चोरी होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार गाड़ी मालिक कुडू बाजार रोड निवासी रमीज खलीफा पिता कुदुस खलीफा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने बुधवार की रात करीब 8:30 बजे अपनी पिकअप निबंधन संख्या जेएच 01 इपी 7733 किराना व्यवसायी बहादुर साहू का चावल खाली कर दुकान के बगल में ही खाली स्थान ने पार्क की थी। उसके बाद वह घर खाना खाने चला गया। सुबह लौटने पर उसने देखा कि गाड़ी वहां पर नहीं थी। किसी ने उसकी गाड़ी चोरी कर ली। काफी खोजबीन करने पर भी कुछ पता नहीं थाना प्रभारी मनोज कुमार ने कहा कि पीड़ित की शिकायत पर मामले की जांच जारी है। सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।

# सीएससी में लूटकांड का एक और आरोपी गिरफ्तार

**लूट के दूसरे ही दिन दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया था।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुडू / लोहरदगा।** कुडू थानांतर्गत सिंजो गांव स्थित सीएससी सेंटर में हुई लूट की घटना में एक अन्य अप्राथमिक अभियुक्त को देशी कट्टा, लूट की राशि और मोबाइल के साथ गिरफ्तार करने में पुलिस ने सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने कांड के तीसरे आरोपी बिहार के पटना जिला अंतर्गत दीदारगंज थाना के महुली गांव निवासी रौशन कुमार, वर्तमान पता रांची के चान्हो थाना अंतर्गत ग्राम बड़हेइया को गिरफ्तार कर इसके पास से दो देशी कट्टा, दो जिंदा कारतुस, दो स्मार्ट फोन (लूटे गये मोबाइल सहित), नगद 490 रू एवं अन्य सामग्री बरामद की है। ये जानकारी



गुरुवार को कुडू थाना में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में जिले के एसपी हारिस बिन जमां ने दी।

ज्ञात हो कि 10 मॉर्च को कुडू थाना के ग्राम सिंजो स्थित एक सीएससी दुकान में चार अज्ञात हथियारबंद अपराधकर्मी हथियार का भय दिखाकर दुकान के संचालक चांद खान, पिता सलामुल खान से 60 हजार रूपये, एक मोबाइल की लूट को अंजाम देकर फरार हो गये थे।

इस संबंध में कुडू थाना में उक्त घटना में संलिप्त अभियुक्तों के विरूद्ध पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां के निर्देशन में एक विशेष अनुसंधान टीम जिसमे कुडू थाना प्रभारी पुअनि मनोज कुमार, पुअनि दिनेश कुमार और सशत्र बल के जवान शामिल थे। तकनीकी अनुसंधान और प्राप्त आसूचना के आधार पर अपराधियों की धर पकड़ के लिए जाल बिछाया गया था जिसमे सफलता प्राप्त हुई और दूसरे ही दिन 11 मॉर्च को कांड का उद्‌भेदन कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया था। जिसमे गुमला जिले के सिसई थाना क्षेत्र के लतदाग निवासी शमीम अंसारी उर्फ मो शमीम, उम्र करीब 32 वर्ष, जो वर्तमान पता रांची हाजी चौक एवं बिहार के गया जिला अंतर्गत मानपुर नौरंगा निवासी मो फरहान अंसारी उर्फ मो फरहान को विधिवत गिरफ्तार किया था। कांड को कारित करने में उपयोग में लाया गया मोटरसाइकिल सं. जेएच 01 सिडब्ल्यू 5347, दो मोबाइल, तीन हेलमेट और चार हजार रूपये नगद बरामद किया गया था।

# पांच लाख की अफीम के साथ दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**बारियातु।** पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत बालुभांग पंचायत के तितिर महुआ जंगल स्थित डाकादिरी मोड़ के समीप चेकिंग अभियान चलाकर दो बाइक सवार अफीम तस्करों को अफीम के साथ गिरफ्तार कर गुरुवार को उन्हें न्यायिक हिरासत में लातेहार जेल भेज दिया। थाना परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए बालूमाथ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी बिनोद रवानी ने बताया कि बुधवार को लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के बालुभांग पंचायत अंतर्गत लेबड़ाही की ओर से दो व्यक्ति अलग-अलग मोटरसाइकिल की डिक्की में अफीम छुपाकर हेरनहोप्पा के रास्ते लावालौंग जा रहे हैं। सूचना के आधार पर अंचलाधिकारी नंद कुमार राम और थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार सिंह के संयुक्त नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। गठित टीम ने तितिर महुआ जंगल स्थित डाकादिरी मोड़ के समीप चेकिंग



अभियान चलाया। कुछ ही देर में दो मोटरसाइकिल सवार वहां पहुंचे। पुलिस ने उन्हें रोका और दोनों की तलाशी ली। तलाशी में सुरेश कुमार यादव की मोटरसाइकिल की डिक्की से लगभग 600 ग्राम गीला अफीम (गादा) बरामद हुआ। वहीं, सेवा गंझू 37 वर्ष, पिता महादेव गंझू, ग्राम हेडुम, थाना लावालौंग, जिला चतरा की मोटरसाइकिल की डिक्की से 1.861 किलोग्राम अफीम (गादा) मिला। पूछताछ में पता चला कि दोनों तस्कर लंबे समय से अफीम की खरीद-बिक्री में शामिल थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना कांड संख्या 20/25, धारा 17बी, 22बी/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया और गुरुवार को उन्हें न्यायिक हिरासत में लातेहार जेल भेज दिया। एसडीपीओ रवानी ने बताया कि जब्त किये गये अफीम गादा का बाजार मूल्य लगभग पांच लाख रुपये आंका गया है। उन्होंने कहा कि नशे के कारोबारियों के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा। साथ ही, उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि कहीं भी नशे से जुड़ी अवैध गतिविधियां दिखें, तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जायेगा। छापामारी दल में अंचलाधिकारी नंद कुमार राम, थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक जितेंद्र कुमार, सहायक अवर निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# बालूमाथ-रहिया मोड़ सड़क की मरम्मत अधूरी, ठेकेदार लापता

कुतुबुद्दीन

**बारियातू (आजाद सिपाही)।** बालूमाथ के टमटमटोला स्थित पेट्रोल पंप से साल्वे, रेंची, पिपराडीह, टुणडाहुटू होते हुए रहिया मोड़ तक लगभग 10 किलोमीटर लंबी सड़क का मरम्मती कार्य अधूरा रहने से स्थानीय ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है। इस सड़क के मरम्मत कार्य के लिए विभाग द्वारा करीब दो करोड़ रुपये की लागत से ठेकेदार को जिम्मेदारी दी गयी थी, लेकिन बीते लगभग दो वर्षों से काम अधूरा छोड़कर ठेकेदार लापता हो गया है।

**खराब सड़क से बढ़ रही दुर्घटनाएं**

ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क चतरा जिला के टंडवा और हजारीबाग तक जाती है, जिससे इस मार्ग पर वाहनों का आवागमन बहुत अधिक होता है। अधूरे मरम्मत कार्य के कारण आये दिन



दुर्घटनाएं हो रही हैं। कुछ हिस्सों में कालीकरण और पीसीसी किया गया है, लेकिन कई जगहों पर सिर्फ डस्ट डालकर छोड़ दिया गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि खराब सड़क के कारण कई वाहन चालक फिसलकर गिर चुके हैं और गंभीर रूप से घायल हो गयी हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि सरकार द्वारा करोड़ों रुपये आवंटित किये जाने के बावजूद ठेकेदार लापरवाही बरत रहा है। ऐसे में ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठ रही है।

# 30 केंद्रों में 23 को होगी नवभारत साक्षरता परीक्षा



आजाद सिपाही संववाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह बीआरसी के सभागार में गुरुवार को बीइओ नागेंद्र सिंह की अध्यक्षता में प्रखंड के सभी प्रभारी प्रधानाध्यापक, संकुल साधन सेवी और प्रखंड साधन सेवी की बैठक नवभारत साक्षरता परीक्षा 2025 की तैयारी को लेकर हुई। इस दौरान उपस्थित प्रधानाध्यापकों एवं साधन सेवियों को बताया गया कि आगामी 23 मार्च को नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत प्रखंड के कूल 30 केंद्रों में परीक्षा का आयोजन कराया जाना है। जिसमें सभी विद्यालय के चिह्नित असाक्षरों को पंचायत मुख्यालय के विद्यालय में परीक्षा हेतु शामिल कराना है। सभी प्रधानाध्यापकों एवं साधन सेवियों को इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इसकी तैयारी में जुट जाने का निर्देश बीइओ द्वारा दिया गया। वही दूसरी बीइओ ने सभी जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ता और आम लोगों से अधिकाधिक परीक्षा में शामिल होने की अपील की है। मौके पर विद्यासागर पांडेय, अजय कुमार, अजय दास, अभिमन्यु सिंह, सातवान पांडेय, कन्हाई राम सुनील कुमार मनोज झा, अजित सिन्हा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# समन्वय स्थापित कर राजस्व संग्रह के शेष लक्ष्य को पूरा करें : डीसी



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में राजस्व संग्रहण की बैठक का अयोजन किया गया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किये गये राजस्व संग्रहण की विभागवार समीक्षा की गयी। समीक्षा क्रम में सभी पदाधिकारियों को वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य के शेष लक्ष्य को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने आपसी समन्वय स्थापित कर राजस्व संग्रह के शेष लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिये। साथ ही राजस्व संग्रहण की धीमी गति वाले विभागों को सुधारात्मक प्रगति लाने और शेष लक्ष्य को ससमय पूरा करने के निर्देश दिये।

बैठक में उपायुक्त के द्वारा, भु-लगान, निबंधन, दाखिल-खारीज, भूमि-सीमांकन की समीक्षा की गयी। इस दौरान सभी अंचालाधिकारियों को दाखिल-खारीज से संबंधित आवेदनों का ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन, जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी, संबंधित पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

## मस्जिद में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन आज

**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू के अहद कॉलोनी स्थित मस्जिद-ए-शमद में 21 मार्च बरोज जुमा रमजान के 20वें रोजे के मुकद्दस मौके पर कॉलोनी के रहने वाले लोगों के संयुक्त पहल पर दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी मो साजिद अंसारी ने देते हुए बड़ी संख्या में रोजेदारों ने इफ्तार में शिरकत करने की गुजारिश की है।

## विद्यालय में पुस्तकालय के रख रखाव का दिया प्रशिक्षण



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित रिसोर्स कक्ष में सिनि टाटा ट्रस्ट के द्वारा प्रखंड स्तरीय पुस्तकालय पर एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षिकाएं शामिल हुए। वहीं कार्यशाला की शुरूआत बीपीओ प्रकाश रंजन के द्वारा प्रारंभ किया गया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को विद्यालय में पुस्तकालय की उपयोगिता के बारे में बताया साथ ही पुस्तकालय में रुचि बढ़ाने के लिए खजाने की खोज,रीड अलाउड,साझा पठन पाठन, वीडियो, प्रेजेंटेशन इत्यादि गतिविधियां करायी गयी। शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा विद्यालय में पुस्तकालय का उपयोग का अनुभव साझा कराया गया। सीमित संसाधनों में पुस्तकालय का बेहतरीन उपयोग एवं संचालन के बारे में चर्चा की गयी। पुस्तकालय को जीवंत रूपी बनाने के लिए बाल संसद, पुस्तकालय समिति का सहयोग लेने पर भी निर्देश दिया गया तथा विद्यालय की शिक्षण समय सारणी में पुस्तकालय पीरियड को शामिल करने पर बातचीत किया गया। वही कार्यशाला सह प्रशिक्षण में बीआरपी अंबिका शरण पांडेय, शैलेश किसलय, सीआरपी उपेंद्र ठाकुर के अलावे रामनारायण, प्रतिमा, संध्या,वीरेंद्र और सिनि टाटा ट्रस्ट के तरुण कुमार,सुष्मिता धान, आरती कुमारी,उदित कुमार समेत अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# योजनाओं के प्रचार-प्रसार को लेकर कार्यशाला का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड कार्यालय सभागार मे गुरुवार को खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले मे विभाग द्वारा आपूर्ति विभाग की योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु कार्यशाला आयोजन किया। वहीं कार्यशाला मे प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रामनाथ यादव ने बताया कि प्रखंड के डीलरों की वॉइस इ केवाइसी के फॉर्मेट वितरित किये गये और जिनका केवाईसी लंबित है, उन्हें फॉर्म भरने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही, 21 से 27 तारीख तक डोर-टू-डोर अभियान चलाने की घोषणा की गयी, जिससे अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं का लाभ मिल सके। मौके पर ऋषि पांडेय, डीलर मे मुरारी लाल, कुलदीप राम, मनोज सिंह चेरो, अशोक राम, सहेली महिला समहू रोजी महिला समूह, पताली तिवारी, संजय प्रसाद, निजाम अंसारी, ज्वाला प्रसाद समेत सभी डीलर उपस्थित थे।

## चार वर्षों में ही दिखने लगी इंटक वेल की छड़

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** शहरी जलापूर्ति योजना के लिए शंख नदी एवं कोयल नदी के संगम हरमू मुक्तिधाम के समीप बना कुआं भ्रष्टाचार का भेट चढ़ने को तैयार है। विदित हो की लगभग 4 वर्ष पूर्व इस इंटक बेल कुआं का निर्माण कराया गया था। 4 वर्षों में ही कुआं का छड़ दिख रही है। बड़े-बड़े छेद कुएं में बन चुकी है। कभी भी यह कुआं बाढ़ में बह कर भ्रष्टाचार का पोल खोलेगी। क्योंकि पूर्व में एक कुआं वहां भ्रष्टाचार के खेल के कारण बह कर भ्रष्टाचारियों का मुंह चिढ़ा रही है। आने वाले दिन में लोगों को पानी की बड़ी समस्या उत्पन्न होगी। जिला प्रशासन इस पर गंभीरता से कार्रवाई नहीं करेगी तो शहर में पानी के लिए हाहाकार मचने की संभावनाएं बढ़ गयी है। जल्द से जल्द इस कुएं का या तो मरमती कराये या नये कुआं का डीपीआर बनाकर निर्माण की तैयारी में लगे।

# किशोर न्याय बोर्ड के सभी हितधारकों की त्रैमासिक बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** बाल अधिकारों की सुरक्षा और किशोर न्याय प्रणाली को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 20 मार्च को व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा लोहरदगा के कार्यालय कक्ष में किशोर न्याय बोर्ड के सभी हितधारकों की त्रैमासिक बैठक प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा राजकमल मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें किशोर न्याय अधिनियम के क्रियान्वयन, बाल अपराध रोकथाम और पुनर्वास से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा की गयी। बैठक में बताया गया कि हमारा उद्देश्य किशोर अपराधियों को सजा देने के बजाय उन्हें सुधारने और समाज की मुख्यधारा में वापस लाने पर केंद्रित है। वहीं



बताया गया कि जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के 50 और चिल्ड्रन कोर्ट के 30 मामले लोहरदगा में लंबित हैं। वहीं गुमला ऑब्जरवेशन होम में 100 बच्चों को रखने की क्षमता है। वर्तमान में 75 बच्चे संसीमित हैं। जिसमें लोहरदगा के 26 बच्चे हैं। वहीं प्रोबेशन गृह और जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड भवन निर्माण को लेकर चर्चा की गयी। साथ ही डीसीपीओ लोहरदगा को गुमला ऑब्जरवेशन होम का भी निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। मौके पर एडीजे प्रथम अखिलेश कुमार तिवारी, सीजेएम केके मिश्रा, डालसा सचिव राजेश कुमार, रजिस्ट्रार व्यवहार न्यायालय अमित कुमार गुप्ता, पीएमजेजेबी जया स्मिता कुजूर, रिनपास के चिकित्सक, डीएसडब्ल्यूओ, नोडल अधिकारी एसजेपीयू, डीसीपीओ, सुपरिटेंडेंट ऑब्जरवेशन होम गुमला, प्रोबेशन ऑफिसर लोहरदगा, जेलर जिला मंडल कारा, प्रोबेशन ऑफिसर गुमला सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## 31 तक सभी कार्डधारियों का इ-केवाइसी पूर्ण करने का दिया गया निर्देश



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी सभागार में प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा प्रखंड क्षेत्र के सभी जन वितरण दुकानदारों के साथ बैठक आयोजित किया गया। जन वितरण दुकानदारों के साथ बैठक आयोजित कर प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी अजय कुमार वर्मा ने सभी जन वितरण दुकानदारों को निर्देश देते हुए कहा गया कि छूटे हुए सभी राशन कार्डधारियों का 27 मार्च 2025 से इ-केवाइसी सप्ताह मनाते हुए 31 मार्च तक सभी कार्डधारियों का ई-केवाइसी पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही कहा कि विभागीय निर्देशानुसार सभी जन वितरण दुकानदार अपने अपने क्षेत्र में कार्डधारियों के घर-घर जा कर इ-केवाइसी करेंगे और स्पष्ट कारण के साथ प्रतिदिन कार्यालय में प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया। जिसे कार्डधारियों को सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजना का लाभ मिलते रहे। मौके पर प्रखंड क्षेत्र के सभी जन वितरण दुकानदार मौजूद थे।

## एदेलबेड़ा में 700 सीएफटी पत्थर भंडारण जब्त



**चांडिल (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले में अवैध खनन, भंडारण एवं अवैध परिवहन के विरुद्ध खनन विभाग का छापेमारी अभियान जारी है। गुरुवार को डीसी रवि शंकर शुक्ला के निर्देश पर चांडिल थाना अंतर्गत एदेलबेड़ा में खनन विभाग ने छापेमारी कर 700 सीएफटी अवैध पत्थर भंडारण को जब्त कर लिया। कार्रवाई के बाद अवैध खनन कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों में हड़कंप मच गया। खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपति ने स्पष्ट कहा अवैध खनन को प्रोत्साहित करने वाले एवं इसमें संलिप्त व्यक्तियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जायेगा। उन्होंने कहा जो भी व्यक्ति अवैध खनन करते हुए पाया जायेगा, उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। खनन विभाग की इस सख्त कार्रवाई का उद्देश्य जिले में अवैध खनन गतिविधियों पर पूर्ण विराम लगाना और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने जनता से अपील की वे अवैध खनन की किसी भी गतिविधि की सूचना मिले तुरंत संबंधित अधिकारियों को दें। ताकि समय पर उचित कार्रवाई की जा सके।

# 22 को जय श्री राम समिति करेगी भगवा ध्वज पूजन की शुरुआत

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति के द्वारा कुडू प्रखंड, भंडरा प्रखंड, सेन्हा प्रखंड के सभी पंचायत अध्यक्ष पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। जिला पदाधिकारियों की उपस्थिति में मुख्य रूप से नववर्ष विक्रम संवत को लेकर खास चर्चा हुई। जिसमें धूमधाम से भव्य शोभा यात्रा निकालने को लेकर खास रणनीति बनायी गयी। जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा नववर्ष विक्रम संवत को लेकर वर्षों से जय श्रीराम समिति के बैनर तले भव्य शोभा यात्रा निकाली जाती है तथा भव्य भंडारे और भव्य जागरण का आयोजन किया जाता है। आयोजन



को लेकर इस बार और भी भव्यता देने का प्रयास किया जा रहा हैं। ज्ञात हो की इस बार 30 मार्च 2025 को नववर्ष है। नव वर्ष की भव्य शोभायात्रा ललित नारायण स्टेडियम से 11:00 बजे प्रारंभ होगी। नववर्ष विक्रम संवत को भव्य बनाने हेतु भगवा झंडा लगाने की परंपरा को लेकर आगामी 22 मार्च दिन शनिवार को सुबह 9:30 बजे जिला कार्यालय हटिया गार्डन में भगवा झंडा पूजा कर शुरूआत की जायेगी तथा अपने-अपने घरों के उपर भगवा झंडा लगायी जायेगी। आयोजित कार्यक्रम में संरक्षक, पदाधिकारी, सदस्यगण के अलावे सभी सनातनी समाज के लोग उपस्थित रहेंगे। मौके पर अजय सोनी,ओम महतो, जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल,जिला महामंत्री प्रदीप साहू, जिला कार्यकारी अध्यक्ष अनिल उरांव, जिला उपाध्यक्ष विनोद प्रसाद, नितेश जायसवाल, जिला संगठन महामंत्री रामकुमार साहू,रक्तदान अध्यक्ष जीवन महतो, कुडू प्रखंड अध्यक्ष दीपक पासवान, भंडरा प्रखंड अध्यक्ष सूरज ठाकुर, सेन्हा प्रखंड प्रभारी विकास जायसवाल समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# पंचायत में रोजगार सेवकों की कमी से रोजगार में आफत

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** गारू प्रखंड में रोजगार सेवकों की अभाव में मनरेगा जैसी योजनाओं के क्रियान्वयन में देरी और भ्रष्टाचार जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं, जिससे ग्रामीण विकास कार्य प्रभावित हो रहा है। गारू के छः पंचायत में से बारेसांढ़ एवं रूद में रोजगार सेवक नहीं है। इन पंचायतों का प्रभार क्रमशः करवाई पंचायत की रोजगार सेविका आरती कुमारी एवं कोटाम के रोजगार सेवक सुरेश उरांव के भरोसे है।

ग्रामीणों ने बताया कि बारेसांढ़ पंचायत में रोजगार सेविका सप्ताह में मात्र दो दिन ही आती है। इस कारण बारेसाढ़ पंचायत में इन दिनों ग्रामीणों को रोजगार की समस्या आ रही है। रोजगार के आभाव में ग्रामीण पलायन करने को विवश हैं। इस विषय में चयनित योजनाओं के लाभुकों ने बतलाया कि कार्य करने के बावजूद भी योजनाओं के मास्टर रोल भुगतान को जीरो कर दिया जा रहा है। मजदूरी नहीं मिलने की वजह से मजदूर मानसिक रूप से परेशान हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बारेसाढ़ में जल्द से जल्द स्थाई रोजगार सेवक बहाल करने की मांग की है।

## डीसी ने की कोल ब्लॉक से जुड़े विकास कार्यो की प्रगति की समीक्षा

# कोल कंपनियां उत्खनन कार्य में तेजी लायें जिले का होगा आर्थिक विकास: उपायुक्त

### स्थानीय प्रशासन एवं कोल कंपनियों के प्रतिनिधि समन्वय के साथ काम करें

आजाद सिपाही संवाददाता



अधिकारियों के साथ बैठक करते पलामू डीसी शशि रंजन।

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में कंपनियों को आवंटित कोल ब्लॉकों से उत्खनन कार्य शुरू करने में आ रही कठिनाईयों को प्राथमिकता के तहत दूर करना सुनिश्चित करें। उत्खनन कार्य की प्रगति में तेजी लाने के लिए स्थानीय प्रशासन व कोल कंपनियों के प्रतिनिधि समन्वय के साथ कार्य करें। जिले में विभिन्न कंपनियों को आवंटित कोल ब्लॉक को चालू होने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे। वहीं जिले का आर्थिक विकास होगा। साथ ही सरकार को राजस्व की प्राप्ति होगी। यह बातें डीसी शशि रंजन ने कही। वे गुरुवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय वेश्म में जिले के संबंधित पदाधिकारी और पलामू के सभी कोल कंपनियों के पदाधिकारी एवं उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर रहे थे। डीसी ने सीसीएल, रजहारा द्वारा अबतक उत्खनन कार्य प्रारंभ नहीं किए जाने को लेकर नाराजगी जताते हुए उत्खनन कार्य शीघ्र शुरू कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सीसीएल को चेतावनी देते हुए सकारात्मक प्रयास करते हुए उत्खनन शुरू करने का निर्देश दिया। वहीं, सीसीएल के प्रोजेक्ट ऑफिसर द्वारा बताया गया कि अगले एक महीने में सीसीएल, रजहारा कोल माइंस से उत्खनन कार्य चालू करा दिया जायेगा। वहीं, हिंडालको द्वारा बताया गया कि वर्तमान में उनके कोल ब्लॉक से उत्खनन स्थगित है। भूमि संबंधी समस्या को लेकर माननीय न्यायालय में मामला विचाराधीन है। उपायुक्त ने मामले में निर्णय आने उपरांत समस्याओं का निराकरण करते हुए उत्खनन कार्य पुनः चालू कराने के दिशा में सार्थक प्रयास किए जाने का निर्देश दिया गया। डीसी ने फेयर माइन कार्बन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कोल ब्लॉक चालू करने में जमीन अधिग्रहण की गति में तेजी लाने एवं अरण्य माइंस के लिए जमीन का डाटा अपलोड करने का निर्देश संबंधित सीओ को दिया। त्रिमुला कोल माइंस के लिए जमीन सिड्यूल के लिए उनके प्रतिनिधि को अपर समाहर्ता को प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कंपनी की ओर से कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसबिलिटी (सीएसआर) मद से किए जाने वाले विकास कार्यो की भी समीक्षा की। उन्होंने सीएसआर मद से शिक्षा एवं स्वास्थ्य आदि संरचनाओं के निर्माण एवं रखरखाव आदि क्षेत्रों में कार्य करने का निर्देश दिया। डीसी ने सभी कोल कंपनियों के प्रतिनिधियों को पीपीटी के माध्यम से कार्य प्रगति को प्रदर्शित करने एवं कार्य प्रगति की अग्रिम योजना बनाने का निर्देश दिया। डीसी ने राष्ट्रीय उच्च पथ के चौड़ीकरण के कार्य की भी समीक्षा की। उन्होंने कार्य में प्रगति लाने का भी निर्देश दिया। इस मौके पर अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, जिला खनन पदाधिकारी सुनील कुमार, जिला निबंधन पदाधिकारी, संबंधित अंचल के अंचल अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# विकास मद से मिली राशि की फर्जी बिल बनाकर की निकासी

**प्रधानाध्यापक और संवेदक की साठगांठ से विकास मद के राशि का हुआ बंदरबाट**

आजाद सिपाही संवाददाता




**चैनपुर/पलामू।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सलतुआ के थमहवां राजकीय नवसृजित प्राथमिक विद्यालय में राज्य सरकार की ओर से विकास मद के लिए 25 हजार रुपये की राशि आवंटित हुई थीं। प्रधानाध्यापक द्वारा विकास मद की राशि से विद्यालय का पेंट पोचारा, मरम्मती और विद्यालय के जरूरत की सामग्री की खरीद करना था। लेकिन प्रधानाध्यापक द्वारा कुर्सी टेबल एवं साउंड की खरीद की गयी, जबकि वाउचर बिल के अनुसार गमला, गुलाब का पौधा, झंडा और झंडा का पाइप, विद्यालय का रंग रौगण पेंट जैसे सामग्री का खरीद करना था। प्रधानाध्यापक द्वारा विकास मद की राशि 25 हजार रुपये निकाल लिया गया। पर विद्यालय में ऐसे सामग्री देखने को नहीं मिल रहा हैं। जब इस संदर्भ में प्रधानाध्यापक शहादत अंसारी से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि विद्यालय का पेंट पोचारा इसलिए नहीं कराया कि बीते वर्ष ही पेंट पोचारा का काम किया गया था। गुलाब का पौधा और गमले की खरीदारी इसलिए नहीं की गई हैं कि विद्यालय में चारदीवारी का निर्माण नहीं हुआ है। जिस कारण खुले में रहने से मवेशी पौधे को बर्बाद कर देते हैं। कहा कि विकास मद की राशि 25 का आवंटित हुआ है, जिससे साउंड एवं कुर्सी टेबल जैसे सामग्री की खरीदारी की गयी हैं।

# पिस्टल-कारतूस के साथ तीन युवक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता




**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के महुअरी नहर मोड पुल के पास से पुलिस ने बुधवार को तीन संदिग्ध युवको को गिरफ्तार किया है। उनके पास से देशी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि महुअरि नहर मोड़ पुल के पास तीन संदिग्ध युवक नशा कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी। जैसे ही पुलिस की टीम महुअरी नहर मोड पुल के पास पहुंची, तीनों युवक वहां से भागने की कोशिश करने लगे। हालांकि सशस्त्र बल के सहयोग से घेरा बंदी कर तीनों को पकड़ लिया गया। सभी की विधिवत तलाशी ली गयी, तो शशि कुमार पासवान नामक युवक के पास से देशी पिस्टल और दो जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। साथ ही एक मोबाइल फोन भी बरामद हुआ। पुलिस की मानें तो दो अन्य आरोपित विवेक कुमार उर्फ सिद्धार्थ सिंह और अभिनन्दन प्रजापति के पास से भी दो फोन बरामद हुआ है। थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गये युवकों से पिस्टल के बारे में पूछा गया तो वे कोई संतोष जनक जवाब नहीं दे पाये। जिसके बाद उन्हें अग्रिम कार्यवाई करते हुए हुसैनाबा1द थाना लाया गया। बताया कि इस संबंध में हुसैनाबाद थाना काड संख्या 65/25, धारा 25(1-9) /26/35 के अन्तर्गत प्राथमिकी दर्ज कर गणेश पूरी के विवेक कुमार उर्फ सिद्धार्थ सिंह, कजरात नावाडीह के अभिनन्दन प्रजापति और नहर मोड़ जपला को शशि कुमार पासवान को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वहीं, छापामारी दल में हुसैनाबाद थाना के पुलिस अवर निरीक्षक नर्वदेश्वर सिंह, निवास शर्मा, रमन यादव (अनुसंधानकर्ता), सशस्त्र बल हुसैनाबाद थाना और सुरेन्द्र पाल शामिल थे।

# ई-केवाइसी नहीं कराया, तो डिलीट होगा राशन कार्ड से नाम : एमओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** जनवितरण प्रणाली के तहत राशन कार्डधारियों के लिए ई केवाईसी करना आवश्यक है। ई-केवाईसी नहीं कराने वाले राशन उपभोक्ताओं का नाम राशन से डिलीट कर दिया जाएगा। यह निर्देश एमओ ब्रजेश कुमार ने गुरुवार को प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के साथ बैठक में दिया। एमओ ने कहा कि राशन कार्ड में परिवार जितने सदस्यों का नाम शामिल हैं, उन सभी को ई-केवाईसी कराना है। यदि किसी परिवार में सदस्यों की संख्या सात है और पांच सदस्यों का ही केवाईसी हुआ है, तो दो सदस्यों का आवंटन कम हो जाएगा। आवंटन से वंचित लोगों का नाम सूची से डिलीट भी कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र में राशन कार्ड की संख्या 17630, सदस्यों की संख्या 76884 है। जिसमें 15687 राशन कार्डों के विरुद्ध 49979 सदस्यों का ई केवाईसी किया जा चुका है। अभी भी 1943 कार्डधारियों के 26805 सदस्य ई-केवाईसी के लिए बचे हुए हैं। ई-केवाईसी सप्ताह के तहत 21 से 27 मार्च तक घर-घर जाकर कार्डधारी के प्रत्येक सदस्य का ई-केवाइसी करना है। यदि ई-केवाईसी पूरा नहीं होता है तो कार्डधारी को राशन नहीं मिल पाएगा और संभवत उनका कार्ड रद भी कर दिया जाएगा।

### राज्य से बाहर रहने वाले भी करा सकते हैं ई-केवाइसी

**इस संबंध में एमओ ब्रजेश कुमार ने बताया कि ऐसे कार्डधारी जो राज्य से बाहर रह रहे हैं वे अपने नजदीकी जन वितरण प्रणाली दुकान पर जाकर ई-केवाईसी करा सकते हैं। यह सुविधा पूरे भारत में कहीं भी रहने वाले झारखंड के कार्डधारियों को दी गई है। इसके अलावा मृत परिवारिक सदस्यों का नाम भी इसी अभियान के दौरान हटाया जाएगा।**

## आइटीआइ का तीन दशक बाद होगा कायाकल्प चार करोड़ रुपये की लागत से बदलेगी तस्वीर

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई का जल्द ही कायाकल्प होगा। झारखंड सरकार ने संस्थान के नवीनीकरण के लिए करीब चार करोड़ रुपए की राशि आवंटित की है। इससे संस्थान के बुनियादी ढांचे में सुधार होगा और बेहतर शिक्षण वातावरण उपलब्ध होगा। वर्षों पहले बना आईटीआई धनबाद के भवन का हाल बेहाल है। पुराना होने की वजह से भवनों में सीलन आ चुका था। कई जगहों पर भवन टूट भी चुके हैं। इस राशि से आईटीआई में प्रशासनिक भवन, एवीटीएस के सभी वर्कशॉप, सभी मशीन वर्कशॉप, हाइटेक भवन, सीओई भवन, लाइब्रेरी, हॉस्टल, सड़क आदि का नवीनीकरण होगा। वहीं कक्षाओं का निर्माण, पुरानी कक्षाओं का नवीनीकरण किये जायेंगे। जानकारी के अनुसार संस्थान का रेनोवेशन करीब 30 साल बाद किया जा रहा है। अबतक इसका रखरखाव नहीं होने से भवन जर्जर हो चुके हैं। इसे लेकर आईटीआई धनबाद प्रबंधन की ओर से सरकार को कई बार पत्र लिखा गया था। 1962 में आईटीआई की स्थापना हुई थी।

# लोन दिलाने के नाम पर प्राइवेट बैंक के कर्मी पर 10 हजार की ठगी का आरोप, प्रबंधन मौन

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** थाना क्षेत्र के महुदा मोड़ स्थित बंधन बैंक में धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। बैंक के एक रिकवरी कर्मचारी द्वारा लोन दिलाने के नाम पर एक ग्राहक से 10 हजार रुपए की ठगी करने का आरोप लगा है। पीड़ित, महुदा बस्ती निवासी आमीन अंसारी ने बताया कि वह लोन के लिए बैंक से संपर्क कर रहा था। जब बंधन बैंक के रिकवरी कर्मचारी मिलन चौधरी ने उसे भरोसा दिलाया कि वह 10 हजार रुपए देता है, तो उसका सिबिल स्कोर ठीक कर 60 हजार रुपए तक का लोन दिलवा देगा। लोन की जरूरत के चलते आमीन उसके झांसे में आ गया और मंगलवार को मिलन चौधरी को 10 हजार रुपए दे दिए। हालांकि, पैसे देने के बाद लोन की प्रक्रिया में कोई प्रगति नहीं हुई, जिससे आमीन को शक हुआ। उसने बैंक जाकर लोन की स्थिति के बारे में पूछा तो बैंक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि लोन पास करवाने के लिए किसी भी प्रकार का पैसा लिया नहीं जाता हैं। इस पर आमीन को एहसास हुआ कि उसे ठगी का शिकार बनाया गया है। आमीन ने बैंक में हंगामा शुरू कर दिया, जिससे वहां तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई। बैंक कर्मचारियों ने बढ़ते हंगामे को देख 100 डायल पर कॉल कर पुलिस को सूचित किया। महुदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। हालांकि, बैंक कर्मी मिलन चौधरी मौके से फरार हो गया। बैंक के ब्रांच मैनेजर, गौतम प्रामाणिक से जब इस मामले के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने खुद को घटना से अनजान बताते हुए मामले पर कोई टिप्पणी करने से साफ इनकार कर दिया। उन्होंने यह कहा कि यह केवल बैंक कर्मी और ग्राहक के बीच की बात है। उन्होंने खुद को पूरी घटना से अनजान बताया। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम ने क्षेत्र सहित बैंको के ग्राहकों के बिच कई सवाल खड़े कर दिए हैं, खासकर जब कलेक्शन ऑफिसर का काम लोन की रिकवरी और कागजी कार्यवाही करना होता है। इससे पहले आमीन जैसे ग्राहक बैंक के कर्मचारियों पर विश्वास करते हैं, लेकिन इस मामले में बैंक प्रबंधन का मौन रहना समझ से परे है। इधर पीड़ित ने पुलिस स्टेशन में शिकायत देने की बात कही और फिर घर लौट गया। लेकिन बंधन बैंक के खिलाफ यह घटना इस बात का संकेत है कि बैंक के अंदर कुछ गड़बड़ियां हो सकती हैं। फिलहाल अब देखना हैं कि इस पर जिला प्रशासन और बैंक प्रबंधक का आगे की कार्रवाई की रुपरेखा क्या होगी।

## सरहुल पूजा की तैयारी को लेकर बैठक



**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** मसीहानी सरना स्थल में अद्दी कुडूख सरना समाज छतरपुर एवं नौडीहा बाजार की अगुवाई में गुरुवार को बैठक हुई। जिसमें एक अप्रैल को प्राकृतिक महापर्व सरहुल पूजा कि शोभायात्रा तैयारी को लेकर चर्चा की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष उमेश उरांव और संचालन प्रखंड सचिव संजीत उरांव ने किया। इस बार के सरहुल की शोभायात्रा में छतरपुर अनुमंडलीय अंतर्गत सभी विभिन्न गांवों के आदिवासी समाजसेवी, महिला -पुरुष, नौजवान अपने पारंपरिक वेश भूषा और वाद्य यन्त्र के साथ हजारों कि संख्या में छतरपुर मसीहानी सरना स्थल में महाजुटान होगा। सरहुल कि शोभायात्रा में छतरपुर अनुमंडलीय अंतर्गत विभिन्न गांवो मसीहानी, मंदया, सडमा - भैसाखार, भलही, पटखाहि, सुंगरी, गोरवाटार, हुटूगदाग, चुचरुमार,चराई, बरडीहा, चोरार, कोदवरिया, कसियाही, गुरेवालेवा,अरर, सतघरवा, भिखही,हुलसी खुर्द, सतबहिनी, देवनार, मचवादोहार, उत्तरवारा तेनोडीह, कोरामी, कामद के आदिवासी समाज के लोग शामिल रहेंगे। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष उमेश उरांव, प्रखंड सचिव संजीत उरांव, प्रेस प्रवक्ता अशोक उरांव, उपाध्यक्ष बबलू उरांव, कोषाध्यक्ष विकाश उरांव, एक्टिव समाजसेवी कंचन उरांव, सुरेश उरांव, पाहन जनेश उरांव पाहन अमरेश उरांव, एक्टिव प्रखंड सदस्य पूनम उरांव, नौडीहा बाजार के सक्रिय समाजसेवी बबन उरांव, अंतु उरांव, सूरज उरांव, धर्मेंद्र उरांव, हरेंद्र उरांव, अकलेश उरांव, अनुज उरांव और रामजी उरांव आदि उपस्थित रहें।

## बिजली विभाग की छापामारी में 11 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी

**- सभी लोगों पर एक लाख 54 हजार का जुर्माना भी लगा**

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** एडीजीपी विजिलेंस एंड सोसायटी के निर्देश पर जपला अवर विद्युत प्रमंडल के अभियंताओं ने हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान 11 लोगों को बिजली का अवैध ढंग से उपयोग करते रंगे हाथ पकड़ा गया। उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर एक लाख 54 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। आरोपितों में शांति लाल, रविन्स कुमार, अश्विनी सिंह, मो नजीर अहमद, अनिल रजवार, गणेश रजवार, अनुज कुमार, रणजीत राउत, हजारी प्रसाद, विनय प्रसाद गुप्ता एवं प्रमोद साव शामिल हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में विद्युत अधिनियम के तहत सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो ने प्राथमिकी दर्ज करा दिया है। छापामारी दल में मानव दिवस कर्मी ओबैद अहमद, जितेंद्र ठाकुर, कमलेश कुमार सिंह एवं अशोक मेहता शामिल थे।

## पंचायत में चल रही विकास योजनाओं में तेजी लाने का निर्देश



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** एसडीएम गौरांग महतो ने गुरुवार को प्रखंड कार्यालय पहुंच कर बीडीओ एवं अन्य कर्मियों के साथ पंचायत में चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बीडीओ, बीपीओ, आंगनबाड़ी, अबुआ आवास, पीएम आवास, मनरेगा 15 वित्त आदि योजनाओं से संबंधित सभी संचिकाओं-विकास कार्यो की समीक्षा की। कहा कि जो भी योजना की स्वीकृति प्रदान की गई हैं उसका पूर्ण अभिलेख कार्यालय में रहना चाहिए एवं उसकी भौतिक प्रगति रिपोर्ट भी होनी चाहिए। उन्होंने 15वें वित्त व मनरेगा कार्यो समेत अबुआ आवास एवं पीएम आवास की धीमी गति पर नाराजगी जाहिर की और सभी कर्मियों को इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया। कहा कि अब प्रत्येक पंचायत में हम भूमिगत जांच करंगे। जिसमें बीडीओ, बीपीओ, जेई, पंचायत सचिव और रोजगार सेवक उपस्थित रहेंगे। जिन पंचायतों में सबसे खराब प्रदर्शन हैं उसी से शुरूआत करेंगे। उन्होंने अबुआ आवास एवं ग्रामीण पीएम आवास में जनता द्वारा लगातार पैसा उगाही की शिकायत पर पंचायत कर्मियों की संलिप्तता में सुधार लाने का निर्देश दिया। कहा कि गरीब जनता का शोषण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं करेंगें।

## वज्रपात की चपेट में आकर मजदूर की मौत

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दंगवार बरवाडीह में गुरुवार को वज्रपात की चपेट में आकर घर निर्माण कार्य में लगे एक मजदूर की मौत हो गयी। उसकी पहचान दंगवार ओपी क्षेत्र के बरवाडीह गांव निवासी अजित कुमार पासवान (27) के रूप में हुई है। घटना गुरुवार अपराह्न तीन बजे की बतायी जा रही है। जानकारी के अनुसार गुरुवार को हुसैनाबाद क्षेत्र में हल्की बारिश के साथ वज्रपात हुई, जिसकी चपेट में अजित आ गया। वह 10 से 12 फिट ऊंचे छत से नीचे गिर गया, जिसके बाद आनन-फानन में हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## नीलांबर-पीतांबर शहादत दिवस पर कार्यक्रम 28 को

**रामगढ़/पलामू (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के सरजा हाई स्कूल परिसर में नीलांबर-पीतांबर शहादत दिवस मनाने को लेकर बनारसी सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें 28 मार्च को आयोजित होनेवाले नीलांबर-पीतांबर शहादत दिवस की रूप रेखा पर चर्चा की गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। लोगों ने कहा कि नीलांबर-पीतांबर शहादत दिवस का उद्देश्य उनकी वीरता और बलिदान को स्मरण करना है। साथ ही समाज को प्रेरणा देना है। समाज को एकजुट कर उनके हक, अधिकार एवं विकास के लिए कदम उठाने की दिशा में यह कार्यक्रम महत्वपूर्ण रहेगा। बैठक में मुखिया महेंद्र सोनी, कलीम अंसारी, योगेंद्र प्रसाद, गिरजा सिंह, भोला भुईयां, नंदेव सिंह, विजय सिंह आदि मौजूद थे।

# नप ने खुली डाक के जरिये की हाट-बाजारों के सैरातों की बंदोबस्ती

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर नगर परिषद की ओर से वितीय वर्ष 2025-26 के लिये हाट-बाजारों के सैरातों की बंदोबस्ती खुली डाक के माध्यम से गुरुवार को किया गया। खुली डाक का आयोजन नप कार्यालय सभागार में किया गया था। जिसमें कई बंदोबस्तीधारियों ने बोली लगायी। सबसे अधिक राशि की बोली लगाने वाले को हाट बाजारों की बंदोबस्ती की गयी। विश्रामपुर बाजार एवं भारतीय स्टेट बैंक से गांधी चौक होते हुए पाण्डू रोड तक की बंदोबस्ती के लिए सरकारी दर दो लाख 25 हजार रुपये निर्धारित था। जिसे शमीम अंसारी और शिवांशु रंजन दुबे ने दो लाख 31 हजार की बोली लगाकर हासिल किया। वहीं रेहला रेलवे स्टेशन रोड से थाना चौक, सनातन विद्या निकेतन स्कूल से महावीर चौक होते हुए बी मोड़ तक एवं रेहला शुक्र बाजार के लिये सरकारी दर तीन लाख रुपये निर्धारित था। जिसे नंद कुमार दीक्षित और इम्तियाज अहमद ने अधिकतम तीन लाख 60 हजार की बोली लगाकर हासिल किया। कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खण्डेत ने बताया कि रेहला एवं विश्रामपुर में हाट-बाजार, अस्थायी फुटपाथ विक्रेता दुकान, ठेला पर बेचने वाले फल दुकान, सब्जी दुकान, गुमटी और अन्य छोटे दुकान का सैरातों की बंदोबस्ती की गयी है। जो एक अप्रैल से प्रभावी होकर 31 मार्च 2026 तक लागू रहेगा। इस दौरान एसआई प्रदीप कुमार शर्मा, सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह, नगर प्रबंधक प्रभात कुमार, कनीय अभियंता आशीष कुमार पांडेय, संदीप कुमार मौर्या, आनंद कुमार, प्रवीण कुमार, कमलेश चौधरी, दीपक सिंह, गोपाल राम, सुबोध केशरी, रवि चौधरी, दीपक कुमार, रमेश कुमार, छोटू कुमार, नरेंद्र राम गुड्डू, मुन्ना यादव, उखमजी यादव, सोनू दुबे, ज्वाला गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## ठेला-खोमचा लगाने वाले दुकानदारों ने सैरातों की बंदोबस्ती का किया विरोध

**सामाजिक कार्यकर्ता ऋतुराज से मिलकर सुनायी अपनी व्यथा**

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद की ओर से गुरुवार को कराये गये हाट-बाजारों के सैरातों की बंदोबस्ती का विरोध शुरू हो गया है। इसका ज्यादा विरोध ठेला खोमचा लगाने वाले दुकानदार कर रहे हैं। इन दुकानदारों का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को सामाजिक कार्यकर्ता ऋतुराज मिश्रा से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने ऋतुराज मिश्रा को अपनी व्यथा सुनायी। उनका कहना है कि सड़क किनारे जिनके दुकान या मकान के सामने अपना ठेला लगाते हैं, उन्हें भी प्रतिदिन कुछ ना कुछ रुपया देना पड़ता है। अब नगर परिषद भी टैक्स लेगा तो हम सबको काफी आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इस पर ऋतुराज मिश्रा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं से कार्यपालक पदाधिकारी और डीसी को अवगत करायेंगे। जरूरत पड़ी तो आंदोलन का रुख भी अख्तियार करेंगे। किसी भी कीमत पर नाइंसाफी नहीं होने देंगे। ऋतुराज मिश्रा ने कहा कि साप्ताहिक हाट-बाजार का बंदोबस्ती एक हद तक स्वीकार भी किया जा सकता है। लेकिन किसी के दुकान-मकान के सामने सड़क किनारे ठेला लगाने वाले दुकानदारों से वसूली कतई बर्दास्त नहीं की जा सकती है।

